रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** पुष्पी पादपों में निषेचन के बाद क्या होता है?

**Ans**
✔ A. बीजांड बीज बन जाता है और अंडाशय फल बन जाता है।
✗ B. बीजांड फल बन जाता है और अंडाशय बीज का निर्माण करता है।
✗ C. संपूर्ण पुष्प सूख जाता है और किसी नई संरचना का निर्माण किए बिना गिर जाता है।
✗ D. दल और पुंकेसर बीज बन जाते हैं और अंडाशय भ्रूण का निर्माण करता है।

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि को जीवन की परिभाषित विशेषता के रूप में नहीं लिया जा सकता है?

**Ans**
✗ A. कोशिकाओं के भीतर आणविक गति
✔ B. चलने या दौड़ने जैसी दृश्यमान गतिविधि
✗ C. पौधों की वृद्धि-संबंधी गति
✗ D. श्वसन और कोशिकाओं का आंतरिक रखरखाव

**Q.3** 4 kg द्रव्यमान की एक वस्तु पर 2 s की अवधि के लिए एक नियत बल कार्य करता है। यह वस्तु के वेग को 2 m/s से बढ़ाकर 8 m/s कर देता है। लगाए गए बल का परिमाण क्या है?

**Ans**
✗ A. 8 N
✔ B. 12 N
✗ C. 24 N
✗ D. 10 N

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, वृक्क में मूल निस्यंदन इकाई के रूप में कार्य करती है?

**Ans**
✗ A. वाहिनिका (Tracheid)
✗ B. कूपिका (Alveolus)
✔ C. नेफ्रॉन (Nephron)
✗ D. अंकुर (Villus)

**Q.5** जब $OH^-$ आयनों को अम्लीय विलयन में मिलाया जाता है, तो pH ______।

**Ans**
✗ A. घटता है
✔ B. बढ़ता है
✗ C. शून्य हो जाता है
✗ D. वही रहता है

| Q.6 | चारा फसलों को प्रचुर शाखन वाले लंबे पौधों की आवश्यकता क्यों होती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. चारे के लिए अधिकतम हरित पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए |
| | ✘ B. मृदा उर्वरता में सुधार करने के लिए |
| | ✘ C. अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए |
| | ✘ D. कटाई का समय कम करने के लिए |

| Q.7 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. कंपन का आयाम ध्वनि की तीव्रता को प्रभावित करता है |
| | ✘ B. कंपन वायु में संपीडन और विरलन उत्पन्न करते हैं |
| | ✔ C. ध्वनि अकंपित पिंडों द्वारा उत्पन्न की जा सकती है |
| | ✘ D. कंपन की आवृत्ति ध्वनि की पिच को निर्धारित करती है |

| Q.8 | मादा प्रजनन तंत्र के किस भाग में निषेचन होता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. अंडवाहिनी (फैलोपियन ट्यूब) |
| | ✘ B. अंडाशय |
| | ✘ C. गर्भाशय |
| | ✘ D. गर्भाशयग्रीवा |

| Q.9 | अपवर्तन का नियम, आपतन कोण की किस सीमा के लिए मान्य है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. $0° < i < 60°$ |
| | ✔ B. $0° < i < 90°$ |
| | ✘ C. $i > 90°$ |
| | ✘ D. $0° < i < 45°$ |

| Q.10 | रक्त में, ऑक्सीजन का परिवहन ______ द्वारा होता है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. लाल रक्त कणिकाओं |
| | ✘ B. रक्त बिंबाणु |
| | ✘ C. श्वेत रक्त कणिकाओं |
| | ✘ D. लसीका |

| Q.11 | निम्नलिखित में से कौन-सा दैनिक जीवन में एकसमान वृत्तीय गति का उदाहरण है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. एक छत का पंखा अपरिवर्ती गति से घूम रहा है |
| | ✘ B. एक गेंद एक आनत तल पर लुढ़क रही है |
| | ✘ C. एक व्यक्ति सीधी रेखा में चल रहा है |
| | ✘ D. एक बस सीधी सड़क पर त्वरित गति से चल रही है |

| Q.12 | कार्बनिक यौगिकों को परिभाषित करने वाली प्राथमिक विशेषता क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ये ऐसे यौगिक हैं जो पिघली हुई अवस्था में विद्युत का चालन करते हैं। |
| | ✔ B. इनमें मुख्यतः कार्बन और हाइड्रोजन परमाणु होते हैं, जो सहसंयोजक बंध बनाते हैं। |
| | ✘ C. इनका निर्माण केवल जीवित जीवों द्वारा होता है। |
| | ✘ D. उनमें हमेशा ऑक्सीजन परमाणु होते हैं |

| Q.13 | समदाबीय (Isobars), वे परमाणु होते हैं जिनका ________। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. गलनांक समान होता है परन्तु अपवर्तनांक भिन्न होता है |
| | ✘ B. अपवर्तनांक समान होता है लेकिन गलनांक भिन्न होता है |
| | ✘ C. परमाणु क्रमांक समान होता है लेकिन द्रव्यमान संख्या भिन्न होता है |
| | ✔ D. द्रव्यमान संख्या समान होता है लेकिन परमाणु क्रमांक भिन्न होता है |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक का अणु है? | |
| Ans | ✗ A. He | |
| | ✗ B. $N_2$ | |
| | ✗ C. $O_2$ | |
| | ✔ D. $H_2O$. | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से कौन-सी द्विविस्थापन अभिक्रिया है? | |
| Ans | ✗ A. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$ | |
| | ✗ B. $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$ | |
| | ✗ C. $2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$ | |
| | ✔ D. $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | यदि किसी इंजन की शक्ति दोगुनी कर दी जाए जबकि समय स्थिर रहे, तो किया गया कार्य ________________। | |
| Ans | ✗ A. समान बना रहेगा | |
| | ✗ B. चौगुना हो जाएगा | |
| | ✔ C. दोगुना हो जाएगा | |
| | ✗ D. आधा हो जाएगा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | यौगिकों के अणु _____________। | |
| Ans | ✗ A. धातुओं के बीच धात्विक आबंधों द्वारा जुड़कर बनते हैं | |
| | ✗ B. केवल एक ही प्रकार के परमाणुओं से बनते हैं जिनके गुणधर्म समान होते हैं | |
| | ✔ C. विभिन्न तत्वों के एक साथ रासायनिक आबंधन से बनते हैं | |
| | ✗ D. किसी भी रासायनिक आबंधों का निर्माण किए बिना आयनों के मिश्रण से बनते हैं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा, हाइड्रोजन परमाणु का समस्थानिक नहीं है? | |
| Ans | ✔ A. हीलियम | |
| | ✗ B. ट्राइटियम | |
| | ✗ C. प्रोटियम | |
| | ✗ D. ड्यूटीरियम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | आवश्यक प्रचालन धारा के आधार पर, एक विद्युत बल्ब और एक विद्युत हीटर को श्रेणीक्रम में जोड़ने की मुख्य हानि क्या है? | |
| Ans | ✗ A. कुल तुल्य प्रतिरोध शून्य हो जाएगा | |
| | ✔ B. उन्हें ठीक से प्रचालित करने के लिए व्यापक रूप से भिन्न मानों वाली धाराओं की आवश्यकता होगी | |
| | ✗ C. कुल वोल्टता घटकर शून्य हो जाएगी | |
| | ✗ D. हीटर से होकर गुजरने वाली धारा तत्कालिक रूप से रुक जाएगी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जैविक आवर्धन का वर्णन करता है? | |
| Ans | ✗ A. जैविक गतिविधियों में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। | |
| | ✗ B. जैसे-जैसे ऊर्जा उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक प्रवाहित होती है, उसकी मात्रा बढ़ती जाती है। | |
| | ✗ C. पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों द्वारा प्रदूषकों को पूरी तरह से विघटित कर दिया जाता है। | |
| | ✔ D. उच्च पोषण स्तर पर हानिकारक पदार्थों की सांद्रता में वृद्धि होती है। | |

**Q.21** निम्नलिखित का मिलान करें.

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1. कैलिक्स | a. अंडप |
| 2. कोरोला | b. पुंकेसर |
| 3. पुमंग | c. पंखुड़ियाँ |
| 4. जायांग | d. बाह्यदल |

**Ans**
- ✗ A. 1 - d, 2 - b, 3 - c, 4 - a
- ✓ B. 1 - d, 2 - c, 3 - b, 4 - a
- ✗ C. 1 - c, 2 - d, 3 - b, 4 - a
- ✗ D. 1 - a, 2 - c, 3 - b, 4 – d

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा डिवाइस, चुंबकीय क्षेत्र में धारा-वाही चालक पर बल के सिद्धांत पर कार्य करता है?

**Ans**
- ✓ A. विद्युत मोटर
- ✗ B. प्रतिरोधक
- ✗ C. विद्युत जनित्र
- ✗ D. ट्रांसफॉर्मर

**Q.23** एक वस्तु को उत्तल लेंस के सामने अनंत पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब ___________है।

**Ans**
- ✓ A. फोकस बिंदु पर, अत्यधिक छोटा (बिंदु-आकार का)
- ✗ B. 2F पर, समान आकार
- ✗ C. F और 2F के बीच, उल्टा
- ✗ D. अनंत पर, अत्यधिक आवर्धित

**Q.24** किसी वस्तु को ऊँचाई से गिराया जाता है। इसका प्रारंभिक वेग कितना होता है?

**Ans**
- ✗ A. 10 m/s
- ✗ B. निर्धारित नहीं किया जा सकता
- ✓ C. 0 m/s
- ✗ D. 9.8 m/s

**Q.25** निम्नलिखित में से क्या क्षार के साथ अभिक्रिया करके लवण और जल बनाता है?

**Ans**
- ✗ A. सोडियम ऑक्साइड (Sodium oxide)
- ✓ B. कार्बन डाईऑक्साइड (Carbon dioxide)
- ✗ C. हाइड्रोजन गैस (Hydrogen gas)
- ✗ D. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (Calcium hydroxide)

## Section : **Mathematics**

**Q.26** ₹889 अंकित मूल्य वाली कोई वस्तु ₹278 में बेची गई। दिया गया छूट प्रतिशत कितना था? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans**
- ✓ A. 68.73%
- ✗ B. 70.88%
- ✗ C. 67.92%
- ✗ D. 67.57%

| Q.27 | एक आदमी ₹15 प्रति सेब की दर से सेब खरीदता है और उन्हें 13% लाभ पर बेचने की योजना बनाता है। ₹195 का कुल लाभ कमाने के लिए उसे कितने सेब बेचने होंगे? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 100 |
| | ✗ B. 195 |
| | ✗ C. 95 |
| | ✗ D. 110 |

| Q.28 | $\frac{\sin^2\theta(1+\cot^2\theta)}{\sec^2\theta-1}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\operatorname{cosec}^2\theta$ |
| | ✗ B. $\tan^2\theta$ |
| | ✔ C. $\cot^2\theta$ |
| | ✗ D. $1-\cot^2\theta$ |

| Q.29 | ₹33,600 की राशि को X, Y और Z के बीच विभाजित किया जाता है। X को Y की तुलना में ₹4,000 अधिक प्राप्त होते हैं तथा Z को Y की तुलना में ₹8,000 अधिक प्राप्त होते हैं। X, Y और Z द्वारा प्राप्त राशि का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13 : 11 : 18 |
| | ✗ B. 14 : 10 : 17 |
| | ✗ C. 14 : 11 : 20 |
| | ✔ D. 14 : 9 : 19 |

| Q.30 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक की दर से ऋण देते हैं। मंजीत ने प्रत्येक बैंक से ₹5,00,000 उधार लिए। 2 वर्षों के बाद मंजीत द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 34,500 |
| | ✗ B. 36,500 |
| | ✔ C. 35,000 |
| | ✗ D. 36,000 |

| Q.31 | $\frac{1}{30}$, $\frac{2}{40}$ का कितना प्रतिशत है? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 76.67% |
| | ✗ B. 81.67% |
| | ✔ C. 66.67% |
| | ✗ D. 133.33% |

| Q.32 | एक पंसारी ने अपनी वस्तुओं को क्रय मूल्य से 75% अधिक मूल्य पर अंकित किया और उन्हें X% की छूट पर बेचा। यदि उसे 33% का लाभ हुआ, तो X का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✗ C. 23 |
| | ✔ D. 24 |

| Q.33 | 17 और 272 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 68 |
| | ✗ B. 70 |
| | ✗ C. 67 |
| | ✗ D. 71 |

| Q.34 | P और Q मिलकर एक टंकी को 9 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 36 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के $\frac{3}{4}$ भाग को पानी से कितने घंटे में भरेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18 |
| | ✓ B. 9 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✗ D. 19 |

| Q.35 | 150 m लंबी एक रेलगाड़ी 350 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में 30 सेकंड का समय लेती है। रेलगाड़ी की चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 50 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✗ C. 45 |
| | ✓ D. 60 |

| Q.36 | यदि किसी संख्या के $\frac{5}{9}$ के 50% का 20%, 364 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 6552 |
| | ✗ B. 5670 |
| | ✗ C. 6200 |
| | ✗ D. 6540 |

| Q.37 | 4 cm आधार व्यास वाले किसी ठोस बेलन को पिघलाकर 12 cm बाह्य व्यास, 0.5 cm मोटाई और 15 cm ऊँचाई वाला एक खोखला बेलन ढाला जाता है। ठोस बेलन की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए (अपना उत्तर दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 21.56 |
| | ✗ B. 22.54 |
| | ✗ C. 20.85 |
| | ✗ D. 18.65 |

| Q.38 | यदि $5^{x+y} = 3125$ और $3^{3x-y} = 2187$ है, तो $41x - 32y$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 57 |
| | ✗ B. 53 |
| | ✓ C. 59 |
| | ✗ D. 55 |

| Q.39 | तीन पाइप A, B और C एक खाली टैंक को क्रमशः 30 मिनट, 40 मिनट और 45 मिनट में भर सकते हैं। तीनों पाइपों को एक ही समय पर खोलकर पाइप A, B और C से क्रमशः तरल रसायन X, Y और Z को प्रवाहित किया जाता है। 5 मिनट बाद टैंक में रसायन Y का अनुपात कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\frac{1}{8}$ |
| | ✗ B. $\frac{29}{72}$ |
| | ✓ C. $\frac{9}{29}$ |
| | ✗ D. $\frac{1}{6}$ |

| | |
|---|---|
| Q.40 | यदि $\frac{x^2-1}{x}=4$ है, तो $\frac{x^6-1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 76 |
| | ✘ B. 66 |
| | ✘ C. 80 |
| | ✘ D. 82 |

| | |
|---|---|
| Q.41 | 7 संख्याओं का औसत 23 है। यदि प्रत्येक संख्या में 4 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा? |
| Ans | ✘ A. 31 |
| | ✘ B. 23 |
| | ✔ C. 27 |
| | ✘ D. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.42 | प्रेक्षणों 17, 64, 55, 37, 65, 12, 51, 18 और 59 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 51 |
| | ✔ B. 42 |
| | ✘ C. 44 |
| | ✘ D. 37 |

| | |
|---|---|
| Q.43 | एक आयत का क्षेत्रफल 100.64 $cm^2$ है। यदि इसकी चौड़ाई 7.4 cm है, तो आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 46 cm |
| | ✔ B. 42 cm |
| | ✘ C. 38.25 cm |
| | ✘ D. 50.32 cm |

| | |
|---|---|
| Q.44 | 346 m और 319 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 67 km/h और 59 km/h की चाल से समानांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर गतिमान हैं। वे एक-दूसरे को कितने सेकंड में पार करेंगी? |
| Ans | ✔ A. 19 |
| | ✘ B. 15 |
| | ✘ C. 12 |
| | ✘ D. 18 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसके 4 गुने में से 8 घटाने पर प्राप्त परिणाम, संख्या के तीन गुने से 6 अधिक है। |
| Ans | ✘ A. 9 |
| | ✔ B. 14 |
| | ✘ C. 18 |
| | ✘ D. 23 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | जल संकट के कारण, प्रारंभिक जनसंख्या का 28% गाँव छोड़कर चला गया और शेष जनसंख्या का 50% नौकरी की तलाश में गाँव छोड़कर चला गया। यदि वर्तमान में गाँव में 4450 लोग रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या का वर्तमान जनसंख्या से अनुपात क्या है? |
| Ans | ✘ A. 106:83 |
| | ✔ B. 25:9 |
| | ✘ C. 25:11 |
| | ✘ D. 107:87 |

| Q.47 | 445 से 456 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 1 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 0 |

| Q.48 | चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 27.5° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 5 : 6 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 5° |
| | ✗ B. 8° |
| | ✗ C. 2° |
| | ✗ D. 3° |

| Q.49 | एक पिता की वर्तमान आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है। दोनों की आयु मिलाकर 48 वर्ष होती है। पुत्र की आयु कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 वर्ष |
| | ✗ B. 10 वर्ष |
| | ✗ C. 16 वर्ष |
| | ✔ D. 12 वर्ष |

| Q.50 | वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 46, 98 और 74 को पूर्णतः विभाजित करती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✔ B. 2 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✗ D. 3 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | सात मित्र, D, E, F, U, V, W और X, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में V बैठा है। X के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। X और V के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। W और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. तीन |
| | ✔ C. दो |
| | ✗ D. एक |

| Q.52 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MNPM, NOQN से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, UVXU, VWYV से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, JKMJ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. KLMK |
| | ✗ B. KKMK |
| | ✔ C. KLNK |
| | ✗ D. KMMQ |

| Q.53 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'LEGS' को '5483' और 'ALES' को '2348' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✔ C. 2 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.54 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'HELS' को '4695' और 'ALES' को '5749' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 7 |
| | ✘ B. 5 |
| | ✘ C. 4 |
| | ✘ D. 9 |

| Q.55 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>50 44 40 34 ? 24 |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 30 |
| | ✘ B. 28 |
| | ✘ C. 36 |
| | ✘ D. 38 |

| Q.56 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 5 3 $ 8 % © 1 % 8 * 5 5 4 # £ & 5 5 £ € 5 € (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 3 |
| | ✔ B. 4 |
| | ✘ C. 5 |
| | ✘ D. 6 |

| Q.57 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>2, 6, 12, 20, 30, ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 38 |
| | ✔ B. 42 |
| | ✘ C. 40 |
| | ✘ D. 44 |

| Q.58 | पांच व्यक्ति, V, W, X, Y और Z, एक पंक्ति में, उत्तर की अभिमुख होकर बैठे हैं। W पंक्ति के बाएं छोर पर बैठा है। Z और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z का निकटतम पड़ोसी V है। V का निकटतम पड़ोसी X है। W और Y के बीच कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. एक |
| | ✘ B. दो |
| | ✔ C. तीन |
| | ✘ D. एक भी नहीं |

| Q.59 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी टोपी, पतलून हैं।<br>सभी पतलून, पैंट हैं।<br>कोई पैंट, कोट नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कोई टोपी, कोट नहीं है।<br>(II): कोई पतलून, कोट नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✔ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से EKOV का संबंध WCGN से है। इसी प्रकार, YEIP का संबंध QWAH है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, AGKR का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SCKP |
| | ✗ B. SCJU |
| | ✔ C. SYCJ |
| | ✗ D. SCDE |

| Q.61 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. AB−EF |
| | ✔ B. XY−AE |
| | ✗ C. JK−NO |
| | ✗ D. NO−RS |

| Q.62 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>HNE MRH RVK WZN ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. BDQ |
| | ✗ B. ACP |
| | ✗ C. CER |
| | ✗ D. BCR |

| Q.63 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।<br><br>यदि 'C – Q x Y % R – E' है, तो C का E से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बहन का पति |
| | ✔ B. माता का भाई |
| | ✗ C. पत्नी का भाई |
| | ✗ D. बहन का पुत्र |

| Q.64 | उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(28, 56, 45)<br>(41, 82, 71) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (97, 194, 182) |
| | ✗ B. (77, 154, 142) |
| | ✗ C. (54, 108, 99) |
| | ✓ D. (89, 178, 167) |

| Q.65 | EL 14 का संबंध एक निश्चित तरीके से BH 16 से है। उसी प्रकार, PW 22 का संबंध MS 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NU 27 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. JQ 28 |
| | ✗ B. JS 29 |
| | ✗ C. KS 28 |
| | ✓ D. KQ 29 |

| Q.66 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ घंटियाँ, बर्तन हैं।<br>सभी बर्तन, मशीनें हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ घंटियाँ, मशीनें हैं।<br>(II): सभी मशीनें, बर्तन हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

| Q.67 | Z अपनी कक्षा में नीचे से 21वें और ऊपर से 63वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 80 |
| | ✗ B. 82 |
| | ✓ C. 83 |
| | ✗ D. 81 |

| Q.68 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>PRT 28 VXZ 21 BDF 14 HJL 7 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. NQQ 0 |
| | ✓ B. NPR 0 |
| | ✗ C. NRW -1 |
| | ✗ D. NOQ -1 |

| Q.69 | शहर D, शहर A के पश्चिम में है। शहर C, शहर A के दक्षिण में है। शहर B, शहर E के उत्तर में है। शहर E, शहर D के पश्चिम में है। शहर C के संदर्भ में शहर B की स्थिति क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. उत्तर-पश्चिम |
| | ✗ B. दक्षिण पश्चिम |
| | ✗ C. पूर्व |
| | ✗ D. उत्तर |

| Q.70 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>12 22 33 45 ? 72 |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 58 |
| | ✗ B. 62 |
| | ✗ C. 60 |
| | ✗ D. 56 |

| Q.71 | उत्तर की ओर अभिमुख 48 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, परी दाएँ छोर से 13वें स्थान पर है। यदि विवेक, परी के बाएँ 16वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से विवेक का स्थान कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 19वां |
| | ✗ B. 18वां |
| | ✔ C. 20वां |
| | ✗ D. 21वां |

| Q.72 | निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>42 × 6 − 12 + 3 ÷ 5 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✔ B. 4 |
| | ✗ C. 9 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.73 | निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>231 ÷ 3 - 721 x 7 + 24 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 771 |
| | ✗ B. 774 |
| | ✗ C. 773 |
| | ✔ D. 772 |

| Q.74 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. OQ - JL |
| | ✗ B. LN - GI |
| | ✔ C. PR - KN |
| | ✗ D. SU - NP |

| Q.75 | दिए गए श्रेणी को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्या केवल एकांक संख्या हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जाएगी।<br><br>(बाएं) 2 6 3 9 8 9 9 8 1 3 3 7 9 9 9 4 1 4 1 1 7 1 8 8 8 7 6 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 9 |
| | ✓ C. 7 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.76 | दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 3 8 2 3 7 6 4 2 6 9 2 7 2 3 6 1 4 2 3 5 5 7 9 7 2 6 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✓ D. 2 |

| Q.77 | यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘×’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘−’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>7 B 4 D 18 A 9 C 16 C 14 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 56 |
| | ✗ B. 58 |
| | ✗ C. 60 |
| | ✗ D. 55 |

| Q.78 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 4 3 3 1 4 7 2 9 4 8 2 7 4 4 2 2 5 2 6 9 9 3 2 7 9 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 4 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.79 | हेमंत बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 62 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 40 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 78 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 71 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 16 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ ही होंगे।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 32 km, दक्षिण में |
| | ✗ B. 33 km, दक्षिण में |
| | ✗ C. 30 km, उत्तर में |
| | ✓ D. 31 km, उत्तर में |

| Q.80 | पीकू, अमन, कृष्णा, दीपा और श्रुति एक गोल मेज पर केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। श्रुति और दीपा निकटतम पड़ोसी हैं। दीपा और कृष्णा दोनों का निकटतम पड़ोसी पीकू है। अमन के निकटतम पड़ोसी कौन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पीकू और श्रुति |
| | ✗ B. श्रुति और दीपा |
| | ✓ C. श्रुति और कृष्णा |
| | ✗ D. कृष्णा और दीपा |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | जुलाई 2024 में, किस भारतीय वैज्ञानिक को विक्रम साराभाई पदक से सम्मानित किया गया, जो विकासशील देशों में उत्कृष्ट अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान के सम्मान में दिया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उमेश वार्ष्णेय |
| | ✗ B. गोविंदराजन पद्मनाभन |
| | ✓ C. अनिल भारद्वाज |
| | ✗ D. प्रहलाद चंद्र अग्रवाल |

| Q.82 | COP30 (नवंबर 2025) में, "बाकू-बेलेम रोडमैप (Baku–Belem Roadmap)" का लक्ष्य 2035 तक जलवायु वित्त को किस वार्षिक स्तर तक बढ़ाना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. US$5.2 ट्रिलियन |
| | ✗ B. US$10 ट्रिलियन |
| | ✓ C. US$1.3 ट्रिलियन |
| | ✗ D. US$2.5 ट्रिलियन |

| Q.83 | अक्टूबर 2024 में, आंध्र प्रदेश के किस मंत्री ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला से मुलाकात की और उन्हें आंध्र प्रदेश आने का निमंत्रण दिया तथा राज्य में ई-गवर्नेंस में सुधार और आईटी हब स्थापित करने में माइक्रोसॉफ्ट का सहयोग मांगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एन. चंद्रबाबू नायडू (N Chandrababu Naidu) |
| | ✗ B. वंगलापुडी अनिता (Vangalapudi Anitha) |
| | ✓ C. नारा लोकेश (Nara Lokesh) |
| | ✗ D. कोलुसु पार्थसारथी (Kolusu Parthasarathy) |

| Q.84 | मनु भाकर, जिन्हें 2025 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार मिला, मुख्य रूप से किस खेल में अपनी उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हॉकी |
| | ✗ B. पैरा-एथलेटिक्स |
| | ✓ C. शूटिंग |
| | ✗ D. बैडमिंटन |

| Q.85 | जून 2025 में नियमों का उल्लंघन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा निम्नलिखित में से किस बैंक पर ₹29.6 लाख का जुर्माना लगाया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केनरा बैंक |
| | ✗ B. सिटी यूनियन बैंक |
| | ✓ C. फिनो पेमेंट्स बैंक |
| | ✗ D. HDFC बैंक |

| | |
|---|---|
| Q.86 | राजस्थान का पहला नमो जैव विविधता उद्यान, जिसका उद्घाटन अक्टूबर 2025 में किया गया था, किस जिले में स्थित है? |
| Ans | ✗ A. कोटा जिला |
| | ✓ B. अलवर जिला |
| | ✗ C. उदयपुर जिला |
| | ✗ D. जयपुर जिला |

| | |
|---|---|
| Q.87 | मार्च 2025 में प्रकाशित वित्तीय सेवा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, कौन-सा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के वित्तपोषण का समन्वय करता है? |
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक (NaBFID) |
| | ✗ B. भारतीय निर्यात-आयात बैंक (Exim Bank) |
| | ✓ C. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) |
| | ✗ D. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 2025 में चंद्रशेखर आजाद का 94वां शहादत दिवस किस तिथि को मनाया गया? |
| Ans | ✓ A. 27 फरवरी |
| | ✗ B. 26 फरवरी |
| | ✗ C. 27 जनवरी |
| | ✗ D. 15 अगस्त |

| | |
|---|---|
| Q.89 | जून 2025 में किस गुजराती बाल कवि ने तिनचक के लिए बाल साहित्य पुरस्कार जीता? |
| Ans | ✗ A. नंदिनी पुरंदरे |
| | ✗ B. अखिल पी धर्मजन |
| | ✓ C. कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट |
| | ✗ D. पार्वती तिर्की |

| | |
|---|---|
| Q.90 | 6-7 जुलाई 2025 को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (BRICS Summit) कहाँ आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✓ A. रियो डी जनेरो, ब्राज़ील |
| | ✗ B. जोहानससबर्ग, दक्षिण अफ़्रीका |
| | ✗ C. नई दिल्ली, भारत |
| | ✗ D. शंघाई, चीन |

| | |
|---|---|
| Q.91 | नवंबर 2025 में किस चक्रवाती तूफान के कारण दक्षिण भारत और श्रीलंका में अत्यधिक बाढ़ आई और जिससे त्वरित रूप से आपदा राहत कार्यों की शुरूआत की गई? |
| Ans | ✗ A. चक्रवात अम्फान (Cyclone Amphan) |
| | ✗ B. चक्रवात ताउते (Cyclone Tauktae) |
| | ✗ C. चक्रवात यास (Cyclone Yaas) |
| | ✓ D. चक्रवात दितवाह (Cyclone Ditwah) |

| | |
|---|---|
| Q.92 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम को कितनी धनराशि आवंटित की गई? |
| Ans | ✗ A. ₹500 करोड़ |
| | ✗ B. ₹100 करोड़ |
| | ✓ C. ₹1,000 करोड़ |
| | ✗ D. ₹10,000 करोड़ |

| Q.93 | जुलाई 2025 में सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर भारत की तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (VNR) रिपोर्ट किसने प्रस्तुत की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. विदेश मंत्री |
| | ✗ B. वित्त मंत्री |
| | ✗ C. भारत के प्रधान मंत्री |
| | ✓ D. NITI आयोग के उपाध्यक्ष |

| Q.94 | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) द्वारा मई 2025 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, भारत की समग्र बेरोजगारी दर क्या थी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 5.6% |
| | ✗ B. 5.1% |
| | ✗ C. 6.6% |
| | ✗ D. 8.5% |

| Q.95 | आयकर अधिनियम, 2025 ने क्रिप्टोकरेंसी और टोकेनाइज्ड एसेट्स जैसी परिसंपत्तियों का वर्णन करने के लिए एक नई अवधारणा पेश की है। इस नई अवधारणा को क्या कहा जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. डिजिटल करेंसीज (Digital Currencies) |
| | ✓ B. वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (Virtual Digital Assets) |
| | ✗ C. ई-एसेट्स (E-Assets) |
| | ✗ D. क्रिप्टो टोकन्स (Crypto Tokens) |

| Q.96 | जनवरी 2025 में जारी राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों के अनुसार, किस भारतीय राज्य में 2024 में घरेलू हिंसा की सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राजस्थान |
| | ✓ B. उत्तर प्रदेश |
| | ✗ C. बिहार |
| | ✗ D. महाराष्ट्र |

| Q.97 | निम्नलिखित में से किस प्रतिष्ठित व्यक्ति ने नई दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 के 9वें संस्करण का उद्घाटन किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. द्रौपदी मुर्मू |
| | ✓ B. नरेंद्र मोदी |
| | ✗ C. अश्विनी वैष्णव |
| | ✗ D. सी. पी. राधाकृष्णन |

| Q.98 | पोल-वॉल्टिंग में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर किसे नामित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लियोन मार्चैंड |
| | ✓ B. आर्मंड डुप्लांटिस |
| | ✗ C. मैक्स वेरस्टैपेन |
| | ✗ D. कार्लोस अल्काराज |

| Q.99 | एयरो इंडिया 2025 के दौरान, AMCA कार्यक्रम के लिए फ्लाइट कंट्रोल एक्ट्यूएटर्स (Flight Control Actuators) के विकास हेतु किस कंपनी ने एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड |
| | ✗ B. टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स |
| | ✗ C. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड |
| | ✓ D. गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड |

| Q.100 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने विस्थापित महिला अफगान एथलीटों या खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन किया? |
| --- | --- |
| Ans | ✗ A. इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल |
| | ✗ B. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ |
| | ✗ C. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति |
| | ✓ D. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद |

"